# जीत के साथ विंडीज का सफर समाप्त, अफगानिस्तान बैरंग लौटा

**लीड्स। एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

शीर्ष बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से दमदार स्कोर बनाने वाले वेस्टइंडीज ने कार्लोस ब्रेथवेट और केमार रोच की गेंदबाजी से शानदार वापसी करके गुरुवार को यहां अफगानिस्तान को 23 रन से हराकर विश्व कप 2019 में अपने अभियान का जीत के साथ अंत किया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिये उतरे वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 311 का दमदार स्कोर बनाया। इसके जवाब में अफगानिस्तान की टीम निर्धारित 50 ओवरों में 288 रन पर आउट हो गयी। वेस्टइंडीज की तरफ से क्रिस गेल को छोड़कर सभी बल्लेबाजों ने योगदान दिया। शाई होप (92 गेंदों पर 77), इविन लुईस (78 गेंदों पर 58) और अच्छी फार्म में चल रहे निकोलस पूरण (43 गेंदों पर 58) ने अर्धशतक जमाये जबकि कप्तान जैसन होल्डर ने 45 और शिमरोन हेटमेयर ने 39 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज ने अंतिम दस ओवरों में 111 रन बनाये।




1अफगानिस्तान की टीम तब जीत की स्थिति में दिख रही थी जब 18 वर्षीय इकराम अलीखिल (93 गेंदों पर 86) और रहमत शाह (78 गेंदों पर 82) खेल रहे थे लेकिन इन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिये 133 रन की साझेदारी टूटने के बाद वेस्टइंडीज ने शानदार वापसी करके टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान दोनों विश्व कप सेमीफाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके थे। वेस्टइंडीज ने नौ मैचों में पांच अंक के साथ अंत किया जबकि अफगानिस्तान एक भी मैच नहीं जीत पाया और लगातार नौ मैचों में हार के कारण बैरंग लौटा। वेस्टइंडीज ने इस जीत से विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। वेस्टइंडीज बड़े अंतर से जीत दर्ज कर सकता था लेकिन उसका क्षेत्ररक्षण बेहद खराब रहा। गेल की तारीफ करनी होगी। उन्होंने जब गेंद संभाली तो वेस्टइंडीज संकट में था। गेल ने एक शानदार कैच लिया, एक विकेट हासिल किया और एक रन आउट करने में मदद की। ब्रेथवेट सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 63 रन देकर चार और रोच ने 37 रन देकर तीन विकेट लिये। अफगानिस्तान ने भी कप्तान गुलबदीन नाइब (पांच) का विकेट जल्दी गंवा दिया था लेकिन रहमत और इकराम ने सकारात्मक बल्लेबाजी करके वेस्टइंडीज की पेशानी पर बल ला दिये थे। इन दोनों ने लंबे शाट खेलने के बजाय मैदानी शॉट से रन जुटाये। अफगानिस्तान ने 19वें ओवर में 100 रन पूरे कर लिये थे।

रहमत ने 57 गेंदों पर वनडे में अपना 15वां और विश्व कप में पहला अर्धशतक पूरा किया। उन्हें इसके बाद 57 रन के निजी योग पर जीवनदान भी मिला जब शेल्डन कोटरेल ने लांग आन पर उनका आसान कैच टपकाया। वह हालांकि इसका फायदा नहीं उठा पाये और कार्लोस ब्रेथवेट की धीमी गेंद पर गेल को आसान कैच दे बैठे। रहमत ने दस चौके लगाये।

वनडे में अपना पहला अर्धशतक जड़ने वाले इकराम को भी 73 रन के निजी योग पर जीवनदान मिला जब विकेटकीपर होप ने गेल की गेंद पर स्टंप करने का आसान मौका गंवाया। बायें हाथ के बल्लेबाज इकराम अच्छी तरह से शतक की तरफ बढ़ रहे थे लेकिन गेल की गेंद पर स्वीप करने के प्रयास में पगबाधा आउट हो गये। दिलचस्प तथ्य है कि जब गेल ने वनडे में पदार्पण किया उससे एक साल बाद इकराम का जन्म हुआ था। इकराम की पारी में आठ चौके शामिल थे।

इसी ओवर में नजीबुल्लाह जादरान (31) के रन आउट होने से एक समय बेहतर स्थिति में दिख रहा अफगानिस्तान बैकफुट पर चला गया। केमार रोच ने मोहम्मद नबी (दो) को टिकने नहीं दिया जबकि समीउल्लाह शिनवारी (छह) भी लंबा शाट खेलने के प्रयास में जल्दी पवेलियन लौट गये। होल्डर ने अशगर अफगान (40) राशिद खान (नौ) के सीमा रेखा पर दर्शनीय कैच लेकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। सैयद शिरजाद ने 25 रन बनाकर हार का अंतर कम किया। इससे पहले गेल फिर से कैरेबियाई टीम को अपेक्षित शुरुआत नहीं दे पाये। उन्होंने संभलकर बल्लेबाजी की लेकिन 18 गेंदों पर सात रन ही बना पाये और दौलत जादरान की गेंद पर विकेट के पीछे कैच दे बैठे। इस तरह से गेल ने अपने संभवतः आखिरी विश्व कप में नौ मैचों में 30.25 की औसत से 242 रन बनाये जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं।

गेल के आउट होने के बाद होप और लुईस ने दूसरे विकेट के लिये 88 रन जोड़कर पारी संवारी। होप ने इसके बाद हेटमेयर के साथ भी 65 रन जोड़े। लुईस, होप और हेटमेयर ने लंबे शाट खेलने के प्रयास में अपने विकेट गंवाये। होप और लुईस ने समान छह चौके और दो छक्के जबकि हेटमेयर ने तीन चौके और दो छक्के लगाये।

इसके बाद पूरण और होल्डर ने रन बनाने का जिम्मा उठाया और डेथ ओवरों में तेजी से रन जुटाये। इन दोनों ने पांचवें विकेट के लिये 105 रन की साझेदारी की। ये दोनों आखिरी ओवर में पवेलियन लौटे। होल्डर ने अपनी पारी में चार छक्के लगाये जबकि पूरण की पारी में छह चौके और एक छक्का शामिल है। ब्रेथवेट ने आखिरी तीन गेंदों पर एक छक्का और दो चौके लगाकर टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया।

## दिल्ली के करण और हरियाणा के दिवांश ने सब जूनियर के क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**रोहतक। एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

उभरते हुए स्टार करण वत्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां के नेशनल बॉक्सिंग अकादमी में जारी सब जूनियर ब्वाएज बॉक्सिंग नेशनल्स के 40 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। बीते साल आयोजित स्कूल नेशनल्स में रजत पदक जीतने वाले दिल्ली के करण ने गुरुवार को पंजाब के प्रभाकर कल्यान को 5-0 से हराया और यह साबित किया कि वह क्यों खेलो इंडिया स्कीम में शामिल किए जाने के योग्य हैं।दिल्ली के रुद्र को भी 35 किग्रा वर्ग में जीत मिली। रुद्र ने हरियाणा के विशेष को 3-2 से हराया। इसी तरह 43 किग्रा वर्ग में दिल्ली के दीपांशू को पंकज भंडारी से शुरुआत में चुनौती मिली लेकिन वह उससे उबरते हुए 4-1 से जीत हासिल करने में सफल रहे। दिल्ली के ही प्रीयांशू देधा ने भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 46 किग्रा वर्ग में झारखंड के रोहित कुमार यादव को 5-0 से हराया।स्थानीय खिलाड़ी दिवांश शुक्ला (हरियाणा) ने भी शानदार शुरुआत करते हुए मेघालय के प्रतीक बोराल को 40 किग्रा वर्ग में तीसरे राउंड आरएससी में हराया। इसी तरह अक्षत ने अरुणाचल के अदो इटो को 5-0 से हराया। पंजाब के निखिल ने भी 46 किग्रा वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए बंगाल के अमन दास को 5-0 से हराया।गोवा के मुक्केबाजों में लक्ष्मण तोराल्कर ने 35




किग्रा वर्ग में तथा रुपेश बिंड ने 43 किग्रा वर्ग में जीत हासिल की जबकि आंध्र प्रदेश के येरानशेट्टी हरिवर्धन तथा रंजना रोहित ने भी जीत हासिल की। उत्तर प्रदेश के गुल्फाम ने भी 35 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। इसी तरह महाराष्ट्र के वेदांत बेंगले ने 40 किग्रा और गोपाल काट्टा ने 37 किग्रा वर्ग में जीत हासिल की।गोपाल ने झारखंड के नीरज को 5-0 के बड़े अंतर से हराया। असम के ओहिदुर रहमान ने बंगाल के पियूष बर्मन को 35 किग्रा वर्ग में 4-1 से हराया जबकि बंगाल के ही अंशू रोउत ने 40 किग्रा वर्ग में हिमाचल के रिषव ठाकुर को 4-1 से शिकस्त दी। इस चैम्पियनशिप में 33 टीमें और 326 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं।

# वर्ल्ड कप में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई अफगानिस्तान, कप्तान ने दिया ये बयान

## विश्व कप के अपने आखिरी मैच में वेस्टइंडीज से 23 रनों से मात खाने वाली यह टीम क्रिकेट के महाकुंभ में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई.

**लंदन: एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अफागिनस्तान का आईसीसी विश्व कप-2019 का सफर गुरुवार को समाप्त हो गया. इस विश्व कप (World Cup 2019) के अपने आखिरी मैच में वेस्टइंडीज से 23 रनों से मात खाने वाली यह टीम क्रिकेट के महाकुंभ में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई और अपने सभी नौ मैच हार गई. मैच के बाद अफगानिस्तान के कप्तान ने कहा कि टीम को अपनी फिटनेस और दबाव को कैसे झेलना है इस पर काम करने की जरूरत है.विंडीज ने इस मैच में अफगानिस्तान के सामने 312 रनों का लक्ष्य रखा था लेकिन अफगान टीम 50वें ओवर की आखिरी गेंद पर 288 रनों पर ऑल आउट हो गई.मैच के बाद नैब ने कहा, हमारे लिए खिलाड़ियों की फिटनेस एक समस्या है. खिलाड़ी यहां संघर्ष कर रहे हैं. हमें इस पर काम करने की जरूरत है. साथ ही हमें दबाव के पलों को ज्यादा झेलना होगा ताकि हम सीख सकें. हमें अपनी योग्यताओं पर भी काम करना करना होगा. मुझे लगता है कि यह विश्व कप हमारे लिए सीखने के लिए शानदार रहा है.विंडीज के खिलाफ हुए मैच के बारे में नैब ने कहा, निश्चित तौर पर यह शानदार स्कोर रहा (लक्ष्य का पीछा करते हुए बनाया गया स्कोर). एक समय हम इस विकेट पर सहज लग रहे थे. इकराम अली खिल और रहमत शाह शानदार खेले, लेकिन 300 से ज्यादा रनों का पीछा करना अच्छा नहीं होता इसलिए मैं अपनी टीम के प्रयास से काफी खुश हैं.इस मैच में इकराम ने अफगानिस्तान के लिए सबसे ज्यादा 86 रन बनाए. उन्हें बीच टूर्नामेंट में चोटिल मोहम्मद शाहजाद के स्थान पर टीम में चुना गया था.

